प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
20.07.2025 09:00 ए.एम.

- केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने फलौदी में 435 मेगावाट की गोरबिया सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया–कहा राजस्थान स्वच्छ ऊर्जा केन्द्र के रूप में उभर रहा है।

- राज्य सरकार ने बडा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 91 आईपीएस, 12 आईएएस और 142 आरएएस के तबादले किये।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हुए एमओयू की प्रगति के लिए भूमि आंवटन की प्रकिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

- प्रदेश में आज से मॉनसून की सकियता धीमी पडने की संभावना–भारी बारिश की गतिविधियों में एक सप्ताह तक कमी के आसार।

000000

केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने फलौदी में 435 मेगावाट की गोरबिया सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया। जिले के बाप तहसील में ये प्लांट लगाया गया है। 1250 एकड में फैली इस परियोजना को 8 महीने से भी कम समय में तैयार किया गया है। इससे पैदा होने वाली स्वच्छ बिजली से करीब सवा लाख घर रोशन होंगे । इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राजस्थान वैश्विक पटल पर स्वच्छ ऊर्जा के केन्द्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की लगभग 70 प्रतिशत बिजली क्षमता अब नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त हो रही है। इनमें 35 दशमलव 4 गीगावाट स्थापित क्षमताओं, 29 दशमलव 5 गीगावाट सौर उर्जा से और 5 दशमलव 2 गीगावाट पवन ऊर्जा से है। हमारे संवाददाता ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने नवीकरणीय उर्जा के विकास में राज्य मैं सकिय भूमिका की सराहना की।

0000

राज्य सरकार ने बडा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले किये है। कार्मिक विभाग की ओर से देर रात जारी आदेशों के अनुसार 91 आईपीएस 12 आईएएस और 142 आरएएस को स्थानान्तरित किया गया है। पुलिस महकमे में कोटा, जोधपुर बीकानेर, जयपुर, अजमेर और भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बदले गये है। इसके अलावा 30 जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भी बदला गया है। जयपुर कमिश्नरेट के 7 डीसीपी और एडिशनल कमिश्नर प्रथम को भी बदला गया है। गृह विभाग में पहली बार भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी को लगाया गया है।

0000

संसद का मॉनसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। इससे पहले केन्द्र ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों में सुगम कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। मॉनसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और उन्हें पारित कराए जाने की उम्मीद है। इससे पहले कल विपक्षी इंडी गठबंधन के नेताओं की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक हुई। बैठक में सत्र के दौरान विपक्ष की रणनीति पर विचार–विमर्श हुआ। इस बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना– सहित अन्य दलों ने हिस्सा लिया।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वन महोत्सव समारोह में न्यायाधीशों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की है। उन्होंने पर्यावरण की जिम्मेदारी के लिए नागरिकों को प्रेरित करने में न्यायाधीशों की भूमिका पर प्रकाश डाला।एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने विश्वास जताया कि न्यायाधीशों की ये राष्ट्रव्यापी पहल एक पेड मां के नाम अभियान को गति देगी और लोगों को पेड लगाने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। इधर प्रदेश में भी इस अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है।

महिला और बाल विकास राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने कल नागौर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण किया। सीमा सुरक्षा बल तोपखाना रेजीमेन्ट में हुए इस कार्यक्रम में 500 पौधे लगाये गये।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में निवेश की गति बढाने में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार सृजन के लक्ष्य में ये समिट मजबूत आधार बनेगी। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर इस समिट के तहत हुए एमओयू कियान्वयन की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने इस दौरान उद्योग विभाग को सभी विभागों के साथ समन्वय करते हुए एमओयू प्रगति की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष की अगली तिमाही में ग्राउंड ब्रेकिंग लक्ष्यों की प्राप्ति की जाये। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग को भूमि आंवटन की प्रकिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

0000

वन और पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कल अजमेर में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के अन्तर्गत अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर और टोंक जिलों में किए गए पौधारोपण कार्यों की जानकारी ली। श्री शर्मा ने अधिकारियों को अभियान के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वन विभाग की नर्सरियों में आवश्यकता के अनुसार पौधे उपलब्ध कराने की बात कही।

0000

प्रदेश में आज से मॉनसून की सकियता धीमी पडने की संभावना है। इससे भारी बारिश की गतिविधियों में कमी के आसार है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 27, 28 जुलाई से एक बार फिर मॉनसून के रफ्तार पकडने का अनुमान है।

0000

मॉनसून की सकियता से राज्य के जलस्त्रोत लगभग 66 प्रतिशत भर गये है। छोटे बडे 693 बांधों में से 150 लबालब है और 381 आंशिक रूप से भर गये है। इस बीच बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। राजधानी जयपुर, जालोर, फलौदी, बीकानेर, नागौर और झुंझुनूं में रिमझिम बरसात हुई। सबसे ज्यादा 3 सेंटीमीटर बारिश जोधपुर में दर्ज की गयी। तेज बरसात के बाद कई रिहायशी इलाकों में पानी भर गया । हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के बालेसर और शेरगढ में मूसलाधार बरसात से दो बांध टूट गये।

0000

पाली में मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर है। जिले के रोहट सोजत सुमेरपुर देसूरी बाली और मारवाड जंक्शन में अच्छी बरसात हुई। जैसलमेर के पोकरण फलसूण्ड, मोहनगढ, रामदेवरा सहित कई जगह झमाझम बारिश हुई। बाडमेर में कल शाम से शुरू हुआ बारिश का दौर देर रात तक जारी रहा। उधर सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा सहित अनेक स्थानों पर रूक रूक कर रिमझिम बारिश होती रही। जिले में श्यामोली, मकसूदनपुरा, चौहानपुरा और पीलवा सहित कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क कटा हुआ है।

0000